सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 47 | इंदौर, शनिवार 30 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Reasi Landslide: रियासी की माहौर तहसील में भूस्खलन, घर ढहने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

2. Reasi Landslide: रियासी की माहौर तहसील में भूस्खलन, घर ढहने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

3. PM Modi in Japan : जापान में पीएम मोदी ने की बुलेट ट्रेन की सवारी, भारतीय ट्रेन ड्राइवर्स से की मुलाकात

4. Delhi Crime: कालकाजी मंदिर में सेवादार की पीट-पीटकर हत्या, चुनरी-प्रसाद को लेकर हुआ था विवाद

# रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव: सीएम आज शामिल होंगे

## मंत्री लोधी बोले- मध्यप्रदेश बनेगा देश का पर्यटन हब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी**। ग्वालियर में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। कॉन्क्लेव के अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले शुभारंभ अवसर पर पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में देश का पर्यटन हब बनेगा। लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी पर्यटन राज्य बनाने के लिए सभी ट्रैवल और टूर ऑपरेटर, होटलियर के साथ हितधारकों और विभाग को मिलकर काम करना होगा। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी होंगे। "टाइमलेस ग्वालियरः इकोज़ ऑफ़ कल्चर, स्पिरिट ऑफ़ लेगेसी" थीम पर आधारित कॉन्क्लेव में महत्वपूर्ण अनुबंध और साझेदारियां होंगी, नई परियोजनाओं का शुभारंभ होगा।




**विरासतों, धरोहरों और अनुभवात्मक पर्यटन की संभावनाओं पर होगा मंथन** - रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो महत्वपूर्ण सत्र होंगे। "टूरिज़्म ऐज़ अ कल्चरल ब्रिज – ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ़ एमपी" और "ग्वालियर एंड चंबल राइजिंग – इनबाउंड अपील थ्रू हेरिटेज, लग्ज़री एंड एक्सपीरियंस" विषय पैनल डिस्कशन होंगे।

**हितधारक जानेंगे समृद्ध विरासत** - ग्वालियर किले पर 30 एवं 31 अगस्त को योग सत्र, हेरीटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। चयनित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए फैमिलियाराइज़ेशन टूर का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्वालियर एवं आसपास के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं से प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है।

**मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा एमपीटी इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन** - रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के अंतर्गत ग्वालियर स्थित इम्पीरियल गोल्फ रिसॉर्ट में 'एमपीटी इन्फ्लुएंसर मीट' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भाग लिया।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक और पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक जड़ें गहरी हैं। प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को टूरिस्ट पूरे विश्व से देखने आते हैं। अगर आप यहां निवेश करते हैं, हमारे पास सबसे बेहतर पॉलिसी है। हम निवेशकों को अच्छा इंसेंटिव दे रहे हैं। यह निवेश ग्वालियर–चंबल और सागर क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# ओंकारेश्वर जाने वाले यात्रियों की फंस रही सांसें, खंडवा रोड पर घंटों जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मानसून आते ही पर्यटन स्थलों पर भीड़ बढ़ने लगी है। इंदौर खंडवा रोड पर अधिकांश पर्यटक स्थलों के होने से यहां पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है और लगातार जाम लग रहा है। शनिवार और रविवार को तो भारी भीड़ पहुंच रही है और पुलिस प्रशासन तमाम प्रयासों के बावजूद भी ट्रैफिक जाम को कम नहीं कर पा रहा है। पिछले सप्ताह ही सिर्फ इंदौर से ओंकारेश्वर जाने में लोगों को 5 से 7 घंटे तक लग गए थे।

शुक्रवार और शनिवार को रातभर पुलिस जवान सड़क पर ही खड़े रहे लेकिन वाहन घंटों रेंगते रहे। इन दो दिन में ही खंडवा रोड पर करीबन 20 घंटे तक



जाम जैसे हालात रहे। यहां पर 6 लेन रोड और मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य हो रहा है। आसपास गीली मिट्टी और कच्चे रास्ते होने से वाहन फंसते हैं। इसे सुधारने की जिम्मेदारी एनएचएआई को तय करना थी, लेकिन यहां पैचवर्क ही नहीं हुआ। आसपास के लोगों का कहना है कि जब से 6 लेन रोड बनना शुरू हुआ है तब से मेन रोड की हालत खराब हो गई है। बारिश में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे लगातार जाम लग रहा है। पिछले शुक्रवार शनिवार यहां व्यवस्था संभालने के लिए लगाए गए 30 जवान भी कम पड़ गए। गुजरात व महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में लोग ओंकारेश्वर दर्शन करने पहुंचे। सिमरोल टीआई अमित कुमार का कहना है कि शनिवार रविवार और त्योहारों के दिन टैक्सी, ट्रेवलर और अन्य यात्री वाहनों का काफिला बढ़ जाता है। दोपहर तीन बजे बाद तो सड़कों पर हर दूसरी गाड़ी गुजरात पासिंग की ही नजर आती है। 100 वाहन क्षमता वाली सड़क पर एक साथ सैकड़ों वाहन आने से जाम के हालात बन जाते हैं। हम स्थिति संभालने के लिए नगर सुरक्षा समिति सदस्यों को भी बुला लेते हैं। महाराष्ट्र से भी श्रद्धालुओं के काफिले आ रहे हैं। इसके साथ लोकल ट्रैफिक तो आ ही रहा है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव ने कहा कि खंडवा रोड पर पैचवर्क ठीक चल रहा है। ट्रैफिक जाम और वाहन चालकों को आने वाली परेशानी पर हम लगातार नजर रख रहे हैं। मैं भी कुछ दिन पहले वहां पर गया था तब पूरा रास्ता ठीक था। फिर भी यदि कोई दिक्कत आ रही है तो मैं दिखवाता हूं।

# 'इस्लाम जिंदाबाद'... इंदौर की सड़क पर लगे बैनर, वीडियो सामने आते ही मच गया बवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। शहर के मुस्लिम कॉलोनी में बीच सड़क पर इस्लाम जिंदाबाद के बैनर लगे हुए हैं। इसका वीडियो सामने आते ही हड़कंप मच गया है। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद ने विरोध जताया है। विरोध के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बैनर को हटवा दिया है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है कि इसे किसने लगवाया था।**




मुस्लिम बहुल इलाके में कुछ बैनर लगाए गए थे। इन बैनरों पर 'इस्लाम जिंदाबाद' लिखा हुआ था। वीएचपी के कुछ नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने पुलिस से इसकी शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। वीएचपी नेता तन्नू शर्मा मल्हारगंज थाने पहुंचे। उन्होंने एसीपी विवेक सिंह से मुलाकात की। उन्होंने बैनर को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। शर्मा ने कहा कि ऐसे बैनर धार्मिक भावनाओं को भड़का सकते हैं। उनका कहना था कि यह एकतरफा प्रचार करने का तरीका है। उन्होंने पुलिस से इस पर कार्रवाई करने की मांग की। वहीं, पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत बैनर को हटा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर सड़क पर यह बैनर किसने लगाए थे। साथ ही उनका मकसद क्या था। लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर के रीडर विनोद रायकवार की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के रीडर श्री विनोद रायकवार की सेवानिवृत्ति (31 अगस्त 2025) पर आज कलेक्टर कार्यालय में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। श्री रायकवार को कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी।**



कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने श्री रायकवार को शाल-श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी तथा उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि श्री विनोद रायकवार ने अपने 39 वर्षों के सेवाकाल में कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत में विभिन्न दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा, गंभीरता और कर्मठता से निर्वहन किया। उनका सरल स्वभाव, सहृदयता और शिष्टाचार उन्हें अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच लोकप्रिय बनाता रहा।

## महापौर ने चलाई फॉगिंग मशीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संक्रामक बीमारियों को रोकने और मच्छर जनित रोगों से लोगों को बचाने के लिए नगर निगम ने 22 नई थ्री व्हीलर फॉगिंग मशीनें बांटी। ये मशीनें महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम परिसर में कर्मचारियों को वितरित कीं। इस दौरान उन्होंने खुद ने ये थ्री व्हीलर मशीन चलाकर भी देखी।**



इस मौके पर महापौर ने कहा कि स्वच्छ इंदौर और स्वस्थ्य इंदौर के क्रम में नगर निगम लगातार नवाचार के साथ ही जनसुविधा के क्षेत्र में काम कर रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम इंदौर ने 6 लाख 80 हजार रुपए प्रति थ्री व्हीलर ऑटोमैटिक फॉगिंग मशीन के माध्यम से हर जोन-वार्ड के साथ ही गली-मोहल्ले में वर्षा जनित बीमारियों तथा मच्छर, मक्खी की रोकथाम के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए 22 फॉगिंग मशीन प्रत्येक 1-1 जोन को उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि शहरवासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा निगम की पहली प्राथमिकता है। वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही फॉगिंग, लार्वा नाशक छिड़काव, स्रोत निवारण तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है।

## इन्स्टाग्राम पर दोस्ती, प्यार इकरार और दुष्कर्म...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक हिंदू युवती को मुस्लिम नौशाद मोहम्मद से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करना भारी पड़ गया। उसने मिलने के बहाने बुलाया और युवती को अपनी बहन नीलोफर के धार जिले में सरदारनगर स्थित घर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। इसके बाद इस्लाम ग्रहण करके मुसलमान बनने का दबाव बनाने लगा। युवती की शिकायत पर पुलिस ने नौशाद मोहम्मद के खिलाफ दुष्कर्म, एट्रोसिटी एक्ट, मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, युवती की दो वर्ष पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर नौशाद नामक युवक से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही। 22 अगस्त को नौशाद ने युवती को डरा-धमकाकर धार जिले के सरदारपुर स्थित अपनी बहन नीलोफर के घर ले गया और उसे अपनी पत्नी बताया। आरोपित ने युवती से जबरन संबंध बनाए और इस्लाम कबूलने का दबाव भी डाला। युवती के स्वजन ने बाणगंगा थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी।

## होल्कर कालीन बिल्डिंग में आग...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमजी रोड पर होल्कर कालीन बिल्डिंग के टावर में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। आग लगने के चलते यहां काफी लपटे निकलने लगी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आधे घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया।**



तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि देर शाम सूचना मिली थी कि एमजी रोड पर पंजाब ज्वेलर्स के पास स्थित होल्कर राजघराने के समय बनी आनंद भवन बिल्डिंग के टॉवर में अचानक आग लग गई। कर्मचारियों ने धुआं और लपटें देखकर तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में एसी शॉर्ट-सर्किट के चलते आग लगने की संभावना जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। टीआई यादव के अनुसार, आग लगने के समय बिल्डिंग में करीब 7 से 8 लोग मौजूद थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। चूंकि बिल्डिंग में लकड़ी का काम ज्यादा है, इसलिए आग तेजी से फैल गई। यह करीब 150 साल पुरानी ऐतिहासिक बिल्डिंग है, जिसका निर्माण होल्कर शासनकाल में माणिकचंद सेठ द्वारा कराया गया था।

## आबकारी अमले की कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई। एक दो पहिया वाहन भी जप्त किया गया।**

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में एक दो पहिया वाहन क्रमांक MP09-AJ-8865 पर परिवहन कर ले जा रही 9 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बरामद की गई। बरामद की गई मदिरा वाहन सहित जप्त की गई। आरोपी जितेंद्र के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 68 हजार रुपए है।

## कलेक्टर आशीष सिंह ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित निर्वाचन भवन में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# होल्कर कालीन बिल्डिंग में आग...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमजी रोड पर होल्कर कालीन बिल्डिंग के टावर में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। आग लगने के चलते यहां काफी लपटे निकलने लगी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आधे घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया।

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि देर शाम सूचना मिली थी कि एमजी रोड पर पंजाब ज्वेलर्स के पास स्थित होल्कर राजघराने के समय बनी आनंद भवन बिल्डिंग के टॉवर में अचानक आग लग गई। कर्मचारियों ने धुआं और लपटें देखकर तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में एसी शॉर्ट-सर्किट के चलते आग लगने की संभावना जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। टीआई यादव के अनुसार, आग लगने के समय बिल्डिंग में करीब 7 से 8 लोग मौजूद थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। चूंकि बिल्डिंग में लकड़ी का काम ज्यादा है, इसलिए आग तेजी से फैल गई। यह करीब 150 साल पुरानी ऐतिहासिक बिल्डिंग है, जिसका निर्माण होल्कर शासनकाल में माणिकचंद सेठ द्वारा कराया गया था।

## नाबालिग सहित तीन घायल, दुकानदार हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके की 60 फीट रोड पर गुरुवार दोपहर एक सिलेंडर विस्फोट हुआ। हादसे में एक नाबालिग सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें मकान मालिक दीपक माखीजा की हालत गंभीर बनी हुई है।**

पुलिस ने देर शाम बर्तन व्यापारी और किराएदार बंटी माखीजा को हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार, बंटी की दुकान में गैस रिफिलिंग के दौरान यह हादसा हुआ। द्वारकापुरी स्थित श्रीनाथ बर्तन की दुकान और दीपक ट्रेडर्स की दुकानों की दीवार धमाके के साथ भरभराकर गिर गई थी। शुक्रवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में धमाके के समय सामान बाहर की ओर उड़ता हुआ दिखाई दिया। घायलों में रोहित, सुनील और दीपक माखीजा शामिल हैं। दीपक की हालत गंभीर है और उनके सिर व जबड़े में मल्टीपल फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, छोटी टंकी भरते समय नोजल फिट करने के दौरान धमाका हुआ। दुकान में अगरबत्ती जल रही थी, जिससे छोटा सिलेंडर पीछे की तरफ गिरा और दीवार तोड़ते हुए पीछे वाली दुकान में बैठे दीपक को घायल कर दिया।

## बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में 62 वर्षीय यशवंत यादव ने गुरुवार को जहर खाकर अपनी जान दे दी। यशवंत लंबे समय से बीमारी से परेशान थे और उनका आंखों का ऑपरेशन होना था। डॉक्टरों ने हाल ही में उन्हें खून की कमी बताई थी। खून चढ़ाने के बावजूद उनकी सेहत में सुधार नहीं हो रहा था, जिससे वह तनाव में थे। परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार, यशवंत ने रात में जहर लिया। उन्हें उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। उनके भतीजे विपिन ने बताया कि आंखों की परेशानी और खून की कमी के कारण वह मानसिक रूप से परेशान थे। यशवंत पहले सिलाई का काम करते थे। परिवार में उनका एक बेटा है, जबकि बेटी की शादी हो चुकी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सार्थक के लिए घर से भागी, ट्रेन में करण की एंट्री

# प्रेमी से मिलने निकली, किसी और से शादी कर लौटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से 23 अगस्त को लापता हुई 22 साल की श्रद्धा तिवारी 6 दिन बाद शुक्रवार को लौट आई है। उसके घर से जाने और लौटने तक कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट की तरह है।**





श्रद्धा अपने प्रेमी से मिलने घर से निकली थी। जब वह नहीं आया तो रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में बैठ गई। ट्रेन रतलाम की ओर जा रही थी। इस दौरान उसने ट्रेन से कूदकर जान देने की कोशिश की। तभी करण योगी नाम के युवक ने उसका हाथ पकड़कर उसे ऐसा करने रोक लिया। श्रद्धा करण को पहले से जानती थी। वह करण से शादी करके उसके साथ इंदौर के एमआईजी थाने पहुंची। पुलिस दोनों पूछताछ कर रही है। वहीं श्रद्धा के पिता का कहना है कि मेरी बेटी को फंसाया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम की जांच होनी चाहिए।

श्रद्धा के पिता अनिल तिवारी का कहना है लड़की भागी किसी और के लिए थी, बीच में किसी और की एंट्री हुई। इस केस में कई एंगल है। अभी जांच होनी चाहिए। मेरी बेटी को फंसाया गया है। लड़की अगर 10 दिन बाद कह देती है कि उसी लड़के से शादी करना चाहती हूं तो मैं धूमधाम से शादी करूंगा। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह का कहना है श्रद्धा सही सलामत इंदौर आ गई है। उसने मंदसौर के एक मंदिर में करण योगी नाम के युवक से शादी कर ली है। श्रद्धा उसे पहले से जानती थी। अभी मामले में पूछताछ की जा रही है। एमआईजी टीआई सीबी सिंह ने बताया कि श्रद्धा का सार्थक गेहलोत नाम के युवक से अफेयर चल रहा था। 23 अगस्त को उसने श्रद्धा को रेलवे स्टेशन पर बुलाया था। वह घर से स्टेशन पहुंच गई, लेकिन सार्थक नहीं आया। जिसके बाद श्रद्धा गुस्से में वहां खड़ी ट्रेन में बैठकर चली गई। ये ट्रेन रतलाम जा रही थी। युवती ने रतलाम में ट्रेन से कूदने की कोशिश की तो किसी ने पीछे से हाथ पकड़ लिया। पलटकर देखा तो श्रद्धा का पूर्व परिचित करण योगी था, जो गुजराती कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन रहा है। करण ने पुलिस को बताया- श्रद्धा ट्रेन से कूदने की कोशिश कर रही थी। मैंने पूछा क्या कर रही हो, तो उसने कहा मर रही हूं। मैंने कहा ऐसा नहीं करने दूंगा। तब श्रद्धा ने कहा कि ऐसा है तो मेरे साथ शादी करो। मैं तैयार हो गया। हम दोनों खरगोन गए। वहां से महेश्वर पहुंचे और मंदिर में शादी की। फिर मैं अपने घर पालिया गया। घरवालों ने आने से रोक दिया, तो वहां से मंदसौर चले गए। वहां से श्रद्धा ने पिता को फोन किया। ऑफिशियल रजिस्टर्ड मैरिज के लिए दस्तावेज मांगे। जिसके बाद श्रद्धा के पिता कार से उसे इंदौर लेकर आए।

श्रद्धा के पिता अनिल तिवारी ने कहा कि मैंने अपनी बच्ची को कैसे पाला है, जीरो से लेकर अभी तक कैसे उठा हूं यह भी जानता हूं। मेरी बच्ची के साथ कुछ ऐसा हुआ है जिसे निकालने में समय लगेगा। बच्ची बिल्कुल इस शादी के लिए तैयार नहीं है। बच्ची को कम से कम एक हफ्ते के लिए पिता या अपने पास उसे 24 घंटे रखें। मैं लड़के को नहीं जानता हूं। अनिल का कहना है कि करण से बात हुई थी, उसने कहा कि बेटी जा रही थी। ये सुसाइड करने वाली थी। करण ने उसे समझाया। कहा कि तुम अपने पापा से बात कर लो। ऐसा करण ने मुझे बताया है। श्रद्धा ने घर से निकलते समय अपना मोबाइल वहीं छोड़ दिया था। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में श्रद्धा पहले अपने घर के पास से जाती हुई दिखी थी। इसके बाद वह गली से निकलकर लोटस शोरूम के सामने से होते हुए एमआर-4 की ओर जाती नजर आई थी। इन फुटेज के आधार पर पुलिस को आशंका थी कि वह उज्जैन की ओर जा सकती है। परिजन ने शक जाहिर किया था कि श्रद्धा एक इंजीनियर युवक सार्थक के संपर्क में थी और शायद वह उसे अपने साथ ले गया हो। इस आधार पर पुलिस ने सार्थक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। पूछताछ में सार्थक ने बताया था कि पिछले 15 दिन से दोनों की कोई बातचीत नहीं हुई थी, क्योंकि परिवार की नाराजगी के चलते श्रद्धा डर गई थी।

# दाढ़ी-मूंछ गायब, चाल वही... हुलिया बदलकर कोर्ट पहुंचे अनवर कादरी

### लव जिहाद में फंडिंग के आरोपी कादरी ने सरेंडर किया

**इंदौर। लव जिहाद फंडिंग मामले में तीन माह से फरार आरोपी पार्षद अनवर कादरी शुक्रवार को जिला कोर्ट में पेश हुआ। वह दाढ़ी-मूंछ कटवाकर यहां पहुंचा। कादरी पुलिस की मौजूदगी में कोर्ट आया, तो लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। भीड़ ने उसकी ओर मारपीट के इरादे से बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे चारों ओर से घेरकर कोर्ट कक्ष तक सुरक्षित पहुंचाया।**



अनवर कादरी पर 40,000 रुपए का इनाम घोषित था। बाणगंगा पुलिस ने कोर्ट से आठ दिन का रिमांड मांगा। रिमांड मिलने के बाद जैसे ही पुलिस उसे बाहर लाई तो फिर आपाधापी मची। लोग कादरी को पकड़ने के लिए दौड़ने लगे। पुलिस उसे भगाते हुए कोर्ट गेट के बाहर वाहन तक लाई और तुरंत गाड़ी में बिठाकर रवाना हो गई। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया- अनवर कादरी आज कोर्ट में पेश हुआ है। वह दो प्रकरणों में वांटेड था। दुष्कर्म के ये मामले 11 जून को दर्ज किए गए थे, जिनमें मूल आरोपी पकड़े गए थे। इनमें कादरी को मुख्य आरोपी बनाया गया था। कुछ सबूत भी मिले थे, जिनके आधार पर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। उस पर 40 हजार रुपए का इनाम था। कोर्ट ने उसे 8 सितंबर को पेश होने के निर्देश दिए गए थे। अब पुलिस रिमांड के दौरान उससे पूछताछ की जाएगी और घटना से संबंधित सबूत जुटाए जाएंगे।

इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में करीब दो माह पहले दो युवकों पर दो युवतियों के साथ रेप और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान सामने आए वीडियो में दोनों आरोपियों ने कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी का नाम लिया, जिस पर उन्हें लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने और निकाह के लिए पैसों का लालच देने का आरोप है।

पुलिस को मिले वीडियो साक्ष्यों और आरोपियों के बयान के आधार पर पार्षद अनवर कादरी का नाम एफआईआर में जोड़ा गया है। बताया गया है कि उसने युवकों को एक लड़की को फंसाने के लिए एक लाख रुपए और निकाह कराने पर दो लाख रुपए देने की बात कही थी। आरोपी साहिल शेख और अल्ताफ ने सोशल मीडिया पर फर्जी हिंदू नामों से आईडी बनाकर युवतियों से संपर्क किया था। मोबाइल जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वे 'अर्जुन' और 'राज' जैसे नामों का इस्तेमाल कर लड़कियों से दोस्ती करते और फिर उन्हें बहलाकर मुलाकात के लिए बुलाते थे। इसके बाद शादी और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता था। अनवर को पार्षद पद से हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। महापौर परिषद की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी थी। नगर निगम कमिश्नर दीपक सिंह ने अनवर को शोकॉज नोटिस जारी कर 25 अगस्त तक अपना पक्ष रखने को कहा था। हालांकि, नोटिस की समय सीमा पूरी होने से पहले ही अनवर शुक्रवार को कोर्ट में पेश हो गया।

# भिंड कलेक्टर से दुर्व्यवहार पर IAS एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

## MLA के खिलाफ सीएम से की कार्रवाई की मांग



**भोपाल, एजेंसी।** भिंड के विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव से दुर्व्यवहार करने के मामले में आईएएस एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है। मध्य प्रदेश आईएएस एसोसिएशन ने इस प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की और उन्हें एक विस्तृत विरोध पत्र सौंपा। आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पत्र में कहा कि 27 अगस्त 2025 को भिंड में घटी यह घटना न केवल सिविल सेवा की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव पर भी आघात करती है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा अधिकारी को धमकाना या अपमानित करना शासन प्रणाली में अस्वीकार्य है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि कलेक्टर जिला स्तर पर सरकार का प्रतिनिधित्व करता है और उसका अपमान दरअसल शासन तंत्र की अधिकारिता को चुनौती देने जैसा है। यदि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह भविष्य में अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर सकती है और निष्पक्ष प्रशासन देने की क्षमता पर असर डाल सकती है।

### मुख्यमंत्री त्वरित हस्तक्षेप करें

आईएएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप कर ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि स्पष्ट संदेश जाए कि किसी भी अधिकारी को धमकाने या दबाव डालने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संघ का कहना है कि समय पर कार्रवाई से न केवल अधिकारियों का मनोबल ऊंचा होगा बल्कि राज्य में सुशासन की नींव भी मजबूत होगी। संगठन ने यह भरोसा जताया है कि सरकार इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेकर आवश्यक कदम उठाएगी।

### सीएम के सामने रखी ये तीन मांगें-

1. दोषियों पर कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई हो।
2. फील्ड अधिकारियों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
3. जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच शिकायतों के समाधान हेतु संरचित संवाद की व्यवस्था की जाए।

## राजनीति में योगदान की कोई उम्र नहीं होती, उमा भारती ने जीतू पटवारी को बोला-बेचारा, जाने क्या है मामला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी के बयान पर भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने करारा पलटवार किया है। उन्होंने एएनआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि पार्टी खुद नहीं जानते कि वे क्या बोल रहे हैं। वे बिना सोचे-समझे बयान देते हैं। उमा भारती ने उन्हें "बेचारा" बताते हुए कहा कि कांग्रेस अब मध्य प्रदेश में समाप्त हो चुकी है और पटवारी ही उसके इकलौते नेता बचे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के कई दिग्गज नेता अब राजनीति से संन्यास ले चुके हैं, जबकि नई पीढ़ी के नेता भाजपा से जुड़ रहे हैं। जो कांग्रेस नेता भाजपा में जगह नहीं पा रहे, वे कांग्रेस में ही छूट गए हैं।

### राजनीति में योगदान की कोई उम्र तय नहीं

सेवानिवृत्ति की उम्र को लेकर चल रही बहस पर भी उमा भारती ने अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन, राजनीतिक दल या संस्था सेवा निवृत्ति की आयु तय कर सकती है, लेकिन योगदान की उम्र तय नहीं की जा सकती। उनके अनुसार राजनीति एक ऐसा मंच है, जहां योगदान देने की क्षमता ही असली पहचान है। उमा ने कहा कि डॉक्टर, टीचर, वकील की योगदान की क्षमता कभी खत्म नहीं होती। बता दें हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि 75 साल की उम्र में पद छोड़ देंगे या किसी को इस उम्र में रिटायर्ड हो जाना चाहिए। संघ प्रमुख की इस टिप्पणी ने उनकी कुछ दिनों पहले दी उनकी टिप्पणी पर चल रही अटकलों पर उम्र विराम लगा दिया।

**पूर्व नेता प्रतिपक्ष बोले-**

## स्मार्ट मीटर लगाने वाली कम्पनी के इंजीनियर पाकिस्तानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने मध्य प्रदेश के घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने वाली सउदी अरब की अल्फानार इण्डिया कम्पनी की कार्यप्रणाली सवाल खड़े किए हैं। उन्होने सीएम डॉ. मोहन यादव से कंपनी की जांच करने और ठेका निरस्त करने की मांग की है।**

उन्होंने कहा कि चूंकि कम्पनी के आला अधिकारी, इंजीनियर और कर्मचारी पाकिस्तानी मूल के है इसलिए ठेके के बहाने नागरिकों का डाटा एकत्र कर उसका दुरूपयोग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होने कहा है कि क्या प्रदेश सरकार इस बात से आश्वस्त है कि कम्पनी को ठेका देना देशहित में है, इसमें कोई पाकिस्तानी कनेक्शन तो नही है और यहां के नागरिकों का डाटा विदेशों में नही भेजा जायेगा। क्या ठेका देने के पहले मुख्यमंत्री को विश्वास में लिया गया था। यदि ऐसा है तो सरकार को यह सब बातें श्वेत पत्र के माध्यम से प्रदेश की जनता तक पहुंचाना चाहिए। अजय सिंह ने कहा कि शक इसलिए भी और गहरा हो गया है क्योंकि कम्पनी ने सरकारी बोली से चार हजार करोड़ रूपये कम में ठेका कैसे और क्यों लिया? सरकारी बोली 15 करोड़ 70 लाख 26 हजार रूपये की थी जबकि कम्पनी ने 11 करोड़ 63 लाख 40 हजार में ही ठेका ले लिया। इतना बड़ा अंतर केवल सिस्टम में प्रवेश पाने लिए समझबूझ कर किया गया प्रतीत होता है। जाहिर है कि इसमें घटिया सामान ही दिया जायेगा। अल्फानार कम्पनी के पास साफ्टवेयर विकास या डेटा प्रबंधन का अनुभव नहीं है। अल्फनार ने यह काम यूएई की एस्यासाफ्ट टेकनोलोजी कम्पनी को दे दिया है। इसमें भी पाकिस्तानी अधिकारी पदस्थ हैं। इनकी पहुंच हमारे उपभोक्ताओं के डाटा तक होना क्या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम नहीं है?

# वरिष्ठ भाजपा नेता ने महिला नेत्री को कुलक्षणी कहा





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** अभी तीन दिन पहले मैं भोपाल जा रहा था। मुझे फोन आया रेलवे के इंस्पेक्टर का कि भाई साहब एक शिकायत आई है। पूर्व अध्यक्ष और भाजपा महिला मोर्चे की महामंत्री...। कागज में महामंत्री, आचरण में पता नहीं... क्या कहूं मैं... अपनी भाषा में तुम जानो... कुलक्षणी...।

यह बात अनूपपुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल गुप्ता ने 28 अगस्त को जैतहरी में सिद्ध बाबा पहाड़ी पर रॉक गार्डन के उद्घाटन समारोह में कही। उनका इशारा भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री नवरत्नी शुक्ला की ओर था। इसका वीडियो 29 अगस्त को सामने आया। नवरत्नी ने पिछले दिनों रेल मंत्री को पत्र लिखकर जैतहरी नगर परिषद उमंग गुप्ता पर अतिक्रमण के आरोप लगाए थे। अनिल गुप्ता, उमंग के पिता हैं। पूर्व में भाजपा जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। अपनी ही पार्टी की महिला नेत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर अनिल गुप्ता विवादों में घिर गए हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। विशेष रूप से यह मामला इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि जिस महिला नेत्री के खिलाफ टिप्पणी की गई है, वह पूर्व में नगर परिषद जैतहरी की अध्यक्ष रह चुकी हैं और वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा में अहम पद पर हैं। अनिल गुप्ता ने कहा- आपने उमंग अनिल गुप्ता के साथ अन्याय नहीं किया। कोई हथकड़ी लेकर नहीं आया था... दुर्गा मां के सामने कि आप आकर सौगंध खाइए...। 100-100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली... ये जो कहावत है... उसे साकार करने वाले ये पिशाच... ये नरक के कोढ़... परमात्मा इनको माफ नहीं करेगा... एक भी काम नगर में अच्छा नहीं हो रहा। आप हाईकोर्ट गए। हम आपका अभिनंदन करते हैं। मध्यप्रदेश सरकार में शिकायत की, उसका भी अभिनंदन करते हैं। कलेक्टर के यहां शिकायत की, उसका भी अभिनंदन करते हैं। मप्र विधानसभा में क्वेश्चन लगाए, उसका भी अभिनंदन करते हैं। प्रजातंत्र में विपक्ष की भूमिका को हम सिर माथे पर लगाते हैं, लेकिन बेईमानों पहले अपना चरित्र देखो।

## कलेक्टर को गाली-मुक्का दिखाने वाले विधायक को फटकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी।** तीन दिन पहले भिंड कलेक्टर को गाली देने और मारने के लिए हाथ उठाने वाले भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को संगठन ने भोपाल बुलाकर फटकार लगाई है। पार्टी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बुलावे पर नरेंद्र कुशवाह शुक्रवार को संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के बंगले पर पहुंचे। यहां प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह की मौजूदगी में पूरे घटनाक्रम पर चर्चा हुई। हितानंद शर्मा के आवास पर हुई बैठक में प्रदेश नेतृत्व ने विधायक के व्यवहार को गंभीर माना है। विधायक को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि आपका व्यवहार पार्टी लाइन के विपरीत है, इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस तरह का आचरण स्वीकार्य नहीं होगा। भिंड से भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाया। इस दौरान उन्होंने गाली-गलौज की। कलेक्टर ने कहा कि रेत चोरी नहीं चलने दूंगा, इस पर विधायक ने उन्हें ही चोर कहा। समर्थक भी भिंड कलेक्टर चोर है की नारेबाजी करते रहे।

## संपादकीय

# बिहार में अभी चुनाव हुए तो किसे मिलेगी कितनी सीटें

बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। अक्टूबर-नवबंर में चुनाव होना है। इससे पहले, चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन करवाया। जिसमें करीब 65 लाख वोटर का अवैध मतदाता पाते हुए लिस्ट से नाम हटा दिया गया। इस पर बिहार में राजनीति भी हो रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में राज्य में 'वोटर अधिकार यात्रा' हो रही है। वहीं, नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। इस पूरे मूड-माहौल को देखते हुए सवाल उठता है कि अगर अभी बिहार चुनाव हुए तो किस गठबंधन को फायदा होगा? इस बीच, एक चुनावी सर्वे सामने आया है। इस सर्वे में अनुमान जताया गया है कि राज्य में एक बार फिर से एनडीए सरकार की वापसी होगी। बिहार चुनाव से पहले टाइम्स नाऊ नवभारत और जेवीसी ने सर्वे किया है। सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि अगर अभी चुनाव होते हैं, तो एनडीए को 136 सीटें मिल सकती हैं और महागठबंधन को 75 सीटें मिलेंगी। अन्य को 6 सीटें मिलने का अनुमान है। 26 सीटें ऐसी हैं, जहां मुकाबला कड़ा होने की संभावना है। पार्टी के हिसाब से बात करें तो बीजेपी को सबसे ज्यादा 64 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि 17 सीटों पर कड़ा मुकाबला हो सकता है। वहीं जेडीयू 29 सीटों पर जीत दर्ज कर सकता है। जबकि दो सीटों पर उसका कड़ी टक्कर हो सकती है। एनडीए के दूसरे दलों की बात करें तो वे छह सीटों पर जीत दर्ज कर सकते हैं। जबकि 18 सीटों पर उन्हें बढ़त मिल सकती है। महागठबंधन के दलों की बात करें तो- आरजेडी 37 सीटों पर सीधे जीतती नजर आ रही है। जबकि 15 सीटों पर उसे बढ़त हासिल हो सकती है। कांग्रेस के आठ सीटों पर जीतने की संभावना है। जबकि दो सीटों पर कांग्रेस को बढ़त बना सकती है। सीपीआईएमएल सात सीटों पर जीत दर्ज कर सकती है। दो सीटों पर वह बढ़त बना सकती है। सर्वे में महागठबंधन के दूसरे साथी एक सीट जीतते दिख रहे हैं। तीन सीटों पर बढ़त बना सकते हैं। सर्वे में एक सवाल यह भी पूछा गया कि बिहार में जाति जनगणना से किसे फायदा होगा। इस पर लोगों ने अलग-अलग जवाब दिए। 47.1% लोगों ने कहा कि एनडीए को फायदा होगा। जबकि 37.2 फीसदी लोगों ने कहा कि महागठबंधन को फायदा होगा। वहीं 15.7 प्रतिशत लोगों ने कहा कि स्थिति वही रहने वाली है।

# सच में भूत आया

*सालों पहले की बात है एक लड़का किसी कंपनी में मैनेजर था। उसके साथ कभी कोई भूत की कुछ डरावनी बातें करता था, तो उसे डर नहीं लगता था। उसका कहना था कि भूत जैसा कुछ होता ही नहीं है। यह सब लोगों के दिमाग का वहम है।*



एक दिन ऑफिस में ज्यादा काम था, जिस वजह से वो घर रात को लौट रहा था। बाइक से आराम से रात को घर जाते-जाते अचानक एक सुनसान सड़क पर उसकी गाड़ी खराब हो गई। रात का समय था कोई गाड़ी ठीक करने वाला नहीं मिलेगा सोचते हुए वो अपनी बाइक को खींचते हुए पैदल चलने लगा।

कुछ ही दूर पहुंचा था कि उसे एक बस स्टॉप के पास कोई फकीर बैठा हुआ दिख गया। काफी देर से बाइक खींच रहे लड़के ने भी सोचा थोड़ी देर इधर ही इंतजार कर लेता हूं। वो सीधे फकीर के पास चला गया और बैठकर उससे बातें करने लगा। दोनों के बीच करीब दस मिनट तक बात हुई और उसी वक्त भूतों का जिक्र भी आ गया।

हंसते हुए लड़के ने कहा कि भूत जैसा कुछ नहीं होता है और न ही मैं इन्हें मानता हूं। ये सारी झूठी और वहम वाली बातें हैं।

फकीर ने लड़के की तरफ हैरानी से देखा और बोला, "तुम भूत को नहीं मानते हो, वो एक अलग बात है। अगर तुम ऐसा कहोगे कि भूत होते ही नहीं है, तो यह सरासर गलत है।"

लड़का फिर हंसा और पूछने लगा कि भूत होते हैं, तो दिखते क्यों नहीं हैं? क्या आपने कभी भूत देखा है? क्या आप मुझे दिखाएंगे एक भी भूत?

फकीर के मन में हुआ कि इसे आज भूत दिखा ही देता हूं। उसने लड़के को अपने पीछे चलते रहने के लिए कहा और आगे श्मशान की ओर बढ़ गया।

सुनसान रास्ते में दोनों पैदल चल रहे थे। अब लड़के को थोड़ा डर लगने लगा, लेकिन हिम्मत करते हुए वो आगे बढ़ा। कुछ ही देर में दोनों श्मशान पहुंचे। वहां कई मुर्दा जल रहे थे।

फकीर ने उस लड़के को एक जगह पर बैठाया और कहा कि यहां कुछ देर पहले ही एक लाश जली थी। अब तुम्हें यहां मैं भूत दिखाऊंगा।

फकीर ने फटाफट वहां पर कील गाड़कर एक धागा बांध दिया। अब धागे का आखिरी हिस्सा उस लड़के के हाथ में थमाते हुए कहा, "धागे की सीध में मैंने चार बताशे रखें हैं। इन्हें खाने के लिए चार आत्माएं आएंगी। जबतक आत्मा इन बताशों को पूरा न खा लें, तबतक तुम इस धागे को बिल्कुल भी मत छोड़ना वरना तुम्हारे साथ बहुत बुरा होगा।"

इतना कहकर फकीर ने लड़के को आंखें बंद करने के लिए कहा और खुद मंत्र पढ़ने लगा।

लड़के को फकीर की बातें सुनकर थोड़ा डर लगने लगा, लेकिन वो धागे को तेजी से पकड़कर आंखें बंद करके हुए बैठ गया।

कुछ देर मंत्र पढ़ने के बाद साधु ने उसे आंखें खोलने के लिए आवाज लगाई।

लड़के ने जैसे ही आंखें खोली, तो सामने चार आत्माएं बताशे खा रही थी। उसे इस सब पर विश्वास ही नहीं हो रहा था। तभी उसकी नजर एक आत्मा पर पड़ी। वो कोई और नहीं उसका पड़ोसी था, जिसकी मौत दो दिन पहले ही हुई थी। उसे देखते ही लड़के के हाथ से वो सफेद धागा छूट गया। उसने घबराहट में आसपास उस फकीर को देखा, लेकिन वो मंत्र पढ़कर जा चुका था।

अब डर के मारे वो तेजी से अपने घर की ओर दौड़ने लगा। इस दौरान उसे कोई बार-बार उसका नाम लेकर पीछे से आवाजें दे रहा था, लेकिन वो मुड़ा नहीं। किसी तरह से वो घर पहुंचा और डरते-डरते ही सुबह हो गई।

सुबह सबसे पहले उसने श्मशान की घटना के बारे में अपने मां-बाप को बताया और सोने के लिए कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसकी आंखें खुलीं, तो वो श्मशान में ही था। वो कैसे दोबारा श्मशान घाट पहुंचा किसी को नहीं पता, लेकिन उसी दिन से लड़के की तबीयत दिमागी रूप से खराब रहने लगी।

**कहानी से सीख :**

**इंसान को साहसी होना चाहिए, लेकिन दुस्साहसी होना मुर्खता है।**

Karnataka

# प्रेम प्रसंग से गुस्साए पिता ने बेटी को मार डाला जहर पिलाकर खुदकुशी का रचा नाटक, गिरफ्तार

**कर्नाटक, (एजेंसी)** कर्नाटक के कलबुर्गी में एक दुखद मामला सामने आया है। यहाँ पर एक पिता ने अपनी बेटी के प्रेम प्रसंग से नाराज होकर उसकी हत्या कर दी। फिर इस हत्या को छिपाने के लिए मृतका के मुंह में कीटनाशक डाल दिया। बाद में इस हत्या को खुदकुशी करार देकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। स्थानीय पुलिस ने बताया कि यह घटना कुलबर्गी जिले के मेलाकुंडा गांव में हुई है। इस गांव के थाने में इस बात की सूचना मिली थी कि एक 18 वर्षीय लड़की ने आत्महत्या कर ली है और उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

कलबुर्गी पुलिस कमिश्नर शरणाप्पा ने बताया कि




घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची और पूछताछ शुरू कर दी। लोगों से मिली जानकारी और सबूतों के आधार पर पुलिस ने पुष्टि की कि पिता अपनी बेटी के दूसरी जाती के युवक के साथ चलते प्रेम प्रसंग के कारण नाराज था। उसने रिश्तेदारों के जरिए और खुद से भी पहले बेटी को समझाने की कोशिश की, लेकिन बेटी अपने प्रेम प्रसंग को लेकर अड़ी रही।

शरणप्पा ने बताया कि पांच बेटियों के पिता को डर था कि अगर उसकी दूसरे नंबर की बेटी का प्रेम प्रसंग किसी दूसरी जाती के युवक के साथ रहा तो उसकी बाकी की तीन बेटियों की शादी में परेशानी होगी। इसी के चलते उसने उसकी हत्या कर दी। इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके मुंह में कीटनाशक डाल दिया।

New Delhi

## दिल्ली में STF का एनकाउंटर... ATM लुटेरा और ऑटो लिफ्टर पप्पू मेवाती गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने शुक्रवार देर रात साउथ-ईस्ट जिले में एक कुख्यात बदमाश को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया. यह एनकाउंटर तुगलकाबाद गांव के पास हुआ. मुठभेड़ में आरोपी पप्पू पाल उर्फ पप्पू मेवाती के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने मौके से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक चोरी की बाइक भी बरामद की है. पुलिस के अनुसार, पप्पू मेवाती की लंबे समय से दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और केरल की पुलिस को तलाश थी. उस पर कुल 45 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें एटीएम लूट, ऑटो-लिफ्टिंग और चोरी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं. बीते तीन महीनों में दक्षिणी दिल्ली में दर्जनों बाइक चोरी की घटनाओं के पीछे भी यही गिरोह था. STF अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने तुगलकाबाद इलाके में चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान पप्पू मेवाती पुलिस को देखकर भागने लगा और गोली चला दी. इस दौरान जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी अपने बचाव में फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर ही पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपी ATM लूट और ऑटो-लिफ्टिंग के कई मामलों में फरार चल रहा था. पुलिस का कहना है कि आरोपी का नेटवर्क चार राज्यों में फैला हुआ था और उसकी तलाश में कई टीमें लगी हुई थीं.

Gujrat

## सहमति से यौनसंबंध के बाद शादी से इनकार दुष्कर्म नहीं

**सूरत, (एजेंसी)** शादी का झांसा देकर एक लड़की से कई बार दुष्कर्म की शिकायत में सूरत की सत्र न्यायालय ने सुनवाई के दौरान आरोपी को बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सहमति से यौन संबंध बनाने के बाद शादी से इनकार करना दुष्कर्म का मामला नहीं बनता। पीड़िता ने आरोपी के साथ होटल और रेस्टोरेंट में बिना किसी दबाव के अपना पहचान पत्र दिया था, इसलिए उसके साथ कोई जबरदस्ती नहीं की गई। कोर्ट ने कहा- इसके बाद भी पीड़िता को जब पता चल गया था कि युवक से विवाह संभव नहीं है तो भी उसने शारीरिक संबंध बनाए। दर्ज शिकायत के मुताबिक, सूरत के डिंडोली इलाके में रहने वाला आरोपी एमटेक की पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात पीड़िता से हुई और उनके बीच प्रेम संबंध बन गए। पहली चैटिंग इंस्टाग्राम पर हुई। उसके बाद दोनों मिले। धीरे-धीरे दोस्ती हुई और फिर प्यार। इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध बन गए। प्रेमिका ने दर्ज शिकायत में कहा कि आरोपी ने शादी का वादा किया था और बाद में जब वह मुकर गया तो पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। करीब 3 साल तक मामला चलने के बाद गुरुवार को कोर्ट का फैसला आया।

Rajasthan

## बस चलाते-चलाते बिगड़ी ड्राइवर की तबीयत, कुछ ही देर में मौत

**पाली, (एजेंसी) राजस्थान में जोधपुर से इंदौर जा रही एक प्राइवेट बस के ड्राइवर सतीश कुमारकी तबीयत अचानक खराब होने के बाद मौत हो गई। 36 साल के सतीश कुमार जोधपुर के भोजासर गांव के रहने वाले थे।**

सफर के दौरान सतीश को अपनी तबीयत ठीक नहीं लगी तो उन्होंने तुरंत अपने सहयोगी ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। सहयोगी ड्राइवर ने मोर्चा संभाला और बस को गोमती चौराहे की तरफ ले गए। गोमती चौराहे पर पहुंचते-पहुंचते सतीश की हालत और बिगड़ गई। जैसे-तैसे बस देसूरी नाल घाट तक पहुंची, वहां सतीश बस की सीट पर ही बेहोश होकर गिर गए। उनके सहयोगी ने बिना समय गंवाए बस को देसूरी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही कि बस ड्राइवर की तबियत बिगड़ने के दौरान उसके साथ परिचालक था जिसने तुरंत बस की सीट को संभाल लिया नहीं तो बस में सवार करीब 45 यात्रियों की जान पर बन आती क्योंकि देसूरी नाल वैसे भी हादसों की नाल कहीं जाती है। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने सतीश की जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी। घटना की सूचना मिलते ही सतीश के परिजन और पुलिस अस्पताल पहुंच गए।

खेल

# विश्व चैंपियनशिप से बाहर हुईं पीवी सिंधू क्वार्टर फाइनल में मिली हार

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 से बाहर हो गईं। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी ने उन्हें मात दी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का विश्व चैंपियनशिप में छठा पदक जीतने का सपना शुक्रवार को इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से तीन गेम तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारने से टूट गया। सिंधू 2019 की विश्व चैंपियन हैं। इस प्रतियोगिता में पांच बार की पदक विजेता सिंधू रिकॉर्ड छठे पोडियम स्थान पर पहुंचने की उम्मीद कर रही थीं। लेकिन फिनिशिंग लाइन पर लड़खड़ा गईं और 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त वर्दानी से 14-21, 21-13, 16-21 से हार गईं।**



### ध्रुव- तनिषा की जोड़ी क्वार्टर फाइनल से बाहर

इससे पहले, ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलयेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की कोशिश में थी लेकिन उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जीत से भारतीय जोड़ी को कम से कम कांस्य पदक की गारंटी मिल जाती। दुनिया की 17वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को हांगकांग की तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवें नंबर की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया था।

सिनेमा

## ईशा देओल के पूर्व पति भरत की जिंदगी में आई ये खास महिला, तस्वीर शेयर करते हुए लिखा ये सुंदर कैप्शन



बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल के पूर्व पति बिजनेसमैन भरत तख्तानी की जिंदगी में किसी खास शख्स की एंट्री हुई है। भरत ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस खास महिला को अपने परिवार का हिस्सा बना दिया है। दरअसल, भरत और ईशा देओल शादी के 12 साल बाद अलग हो चुके हैं। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी और पिछले साल अलग होने का एलान किया। अब भरत अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं। एंटरप्रेन्योर मेघना लखानी के साथ उनकी यूरोप ट्रिप की तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों के साथ जो कैप्शन लिखा गया है उससे दोनों की रिश्ते की गहराई का पता चल रहा है। भरत तख्तानी ने हाल ही में यूरोप ट्रिप की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वे एंटरप्रेन्योर मेघना लखानी के साथ देखे जा सकते हैं। एक फोटो पोस्ट करते हुए भरत ने लिखा – "मेरे परिवार में आपका स्वागत है।" वहीं मेघना ने भी एक तस्वीर शेयर कर लिखा, "जन्मों यहां से शुरू हो रही है।" ये तस्वीरें स्पेन के मैड्रिड की हैं। इन तस्वीरों में भरत और मेघना बेहद खुश नजर आए। दोनों को कैजुअल लुक में एक-दूसरे के साथ समय बिताते देखा गया। इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर इनके रिश्ते की खबर को कन्फर्म कर दिया है।




1. Heavy rains flood Edupayala Tirumala temple in Telangana
2. Our technology & India's talent complement each other: Japan PM
3. Protect jobs, govt committed to you: Sitharaman to exporters amid Trump's tariffs
4. Viral video shows biker dragging pet dog along road in Pune
5. Army builds temporary bridge at site of collapsed bridge in Jammu

# GDP growth blows past estimates, hits 5-quarter high of 7.8%

**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian economy grew at a significantly better than expected 7.8% in the quarter ending June , the highest this number has been in five quarters, underlining strong domestic tailwinds to growth amidst growing external headwinds from US tariffs on Indian exports. While the latest GDP numbers will boost economic sentiment, they could also nudge the Reserve Bank of India to hold back on any further easing of interest rates in the near term even though inflation is expected to remain benign.

"Despite the reciprocal penal tariff, we are maintaining our growth range (of 6.3%-6.8%) for full year," chief economic adviser V Anantha Nageswaran said at a press conference after the data release.

Growing domestic consumption and strong economic fundamentals that earned India a sovereign debt



ratings upgrade by S&P are reasons to be positive about the economy, Nageswaran said. "High-frequency indicators for July 2025 indicate a carry-forward of Q1 economic momentum as domestic demand is expected to strengthen in the upcoming quarters with the onset of the festive period and forthcoming GST rate changes," he added.

Higher kharif sowing supported by above-normal rainfall, comfortable buffer stocks and better output prospects for agriculture would keep food inflation benign, he added. "However, near-term risks to economic activity, principally exports and capital formation, remain due to tariff-related uncertainties," Nageswaran added. He added that the 25 per cent penal tariff imposed by the US on Indian goods will be "short-lived".

GDP growth increased for the third consecutive quarter in the first quarter of fiscal year 2025-26. The 7.8% growth is 43 basis points – one basis point is one hundredth of a percentage point – higher than the March quarter number and 1.3 percentage point higher than the 6.5% print in the June quarter of last fiscal year.

# Reliance AGM brings Mark Zuckerberg, Sundar Pichai on the same stage for AI

**MUMBAI, (Agency).** Mukesh Ambani pulled a coup of sorts at the 48th Reliance AGM today, by bringing Mark Zuckerberg and Sundar Pichai on the same stage for AI.

Reliance Industries Ltd. has set up a wholly owned subsidiary called Reliance Intelligence in partnership with Facebook (Meta Platforms Inc.) and Google (Alphabet Inc.), as part of its vision of "AI for everyone and everywhere".

"A decade ago, digital services became a new growth engine for Reliance Industries. Now, the opportunity before us with AI is just as large, if not larger," Ambani said during the AGM. "Jio promised and delivered digital everywhere



and for every Indian. Similarly, Reliance Intelligence promises to deliver AI everywhere for every Indian."

Reliance Intelligence will build gigawatt-scale, AI-ready data centres, powered by renewable energy, as well as train Indians in Artificial Intelligence at a national scale.

As part of the AI overdrive, Reliance Industries announced an India-focused AI joint venture with Meta Platforms to build and scale AI solutions for enterprises in India first. The firms have committed an initial investment of ₹855 crore (about $100 million) to capitalise the JV in a 70:30 ratio.

"Meta and Reliance are going to deliver our open-source AI models to Indian businesses to help them fuel their work," Meta Platforms CEO Zuckerberg said at the Reliance AGM via video. "With Llama, we have seen how AI can amplify human potential, boosting productivity, inspiring creativity, and accelerating innovation. And now, with Reliance's reach and scale, we can bring this to every corner of India."

Reliance also announced a partnership with Google to set up AI-ready data centres. These will use computing power from Google, energy from Reliance Industries, and connectivity tools from Jio Platforms Ltd.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

WHO AM I?
I AM THE DETECTIVE !
Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक